समीकरण के शब्दों का रूपांतर (Transposition of the terms of the equations)

= बराबर

+ धन

– घटाव

x गुणा

÷ भाग

समीकरण की अवधारणा (Concept of equality) (Fig 1)

समीकरण की तुलना तराजू के पलड़े से की जा सकती है जो हमेशा संतुलन में रहते हैं। समीकरण को दोनों पक्षों को पूरी तरह से विभक्त किया जा सकता हैं। 9 = 5 + *x* को 5 + x = 9 के रूप में लिखा जा सकता हैं।

हमें हमेशा संतुलन बनाये रखने के लिए दोनों समीकरणों पर समान संचालन करना चाहिए। दोनों ओर समान राशि जोड़े या घटाएं। 5 + x = 9 दोनों तरफ जोड़ने पर समीकरण 5 + x + 3 = 9 + 3 or x + 8 = 12.

5 + x = 9, 5 से दोनों तरफ घटायें तब 5 + x – 5 = 9– 5.

x = 4.

© NIMI, Not to be republished

Fig 1



5 को इसके चिन्ह को बदल कर बाईं ओर से दाई ओर स्थांनातरित किया जाता हैं + से –

$\frac{x}{4}$ = 20. दोनो तरफ 4 से $\frac{x}{4}$ x 4 गुणा करने पर = 20 x 4.

x = 80,

5*x* = 25 दोनों तरफ 5 से भाग देने पर

$\frac{5x}{5} = \frac{25}{5}$

x = 5

जब एक तरफसे दुसरे तरफ संख्याओं या अक्षरों को स्थानांतरित किया जाता है, तो विभाजन का गुणा और गुणा का भाग हो जाता हैं।

एक समीकरण की समानता अपरिवर्तित रहती हैं जब समीकरण के दोनों पक्षों को एक ही तरीके से व्यवहार किया जाता हैं। एक तरफ से दुसरे तरफ जाने पर
एक धनात्मक, ऋणात्मक बन जाती हें।

ऋणात्मक , धनात्मक हो जाती हैं।

एक गुणा, भाग हो जाती हैं।

एक भाग गुणा हो जाती हैं।

सरल समीकरणों को हल करने के लिए अज्ञात मात्रा को अलग करें जो समीकरण के बाईं ओर पाया जाता हैं।

उदाहरण

- यदि x if 4*x* = 3(35 – *x*)

  4x = 105 – 3x (कोष्ठक खोलने पर)

  4x + 3x = 105 (पक्षांतर करने पर –3x दांया पक्ष से बायां पक्ष)

  7x = 105

  x = 15 (दोनो तरफ सात से भाग देने पर)

© NIMI, Not to be republished

जोड़ना (Addition)

उदाहरण 1

जोड़ें 2x, 3x, 7x

सरल/ समाधान (Solution) : जब तक सिर्फ जोड़ रहता है तब, put '+' चिह्न का उपयोग सभी कोष्ठक में उपयोग करेंगें।

$= (+2x) + (+3x) + (+7x) = 12x$

जोड़ें

-3a, -2a, -5a

$= (-3a) + (-2a) + (-5a) = -10a$

उदाहरण 2

जोड़ें $10xy, -8x^2, -7xy, -7x^2$

$= (10xy) + (-8x^2) + (-7xy) + (-7x^2)$

$= (10xy) + (-7xy) + (-8x^2) + (-7x^2)$

$= (3xy) + (-15x^2)$

उदाहरण 3

जोड़े $\frac{a}{4}, \frac{a}{2}, -\frac{a}{8}$

$$\frac{a}{4}, \frac{a}{2}, -\frac{a}{8}$$

$$\left(\frac{a}{4}\right) + \left(\frac{a}{2}\right) + \left(-\frac{a}{8}\right)$$

$$\frac{2a + 4a - a}{8} = \frac{5a}{8}$$

घटाना (Subtraction)

उदाहरण 1

घटाना 8m से 2m

हल / समाधान (Solution) : (2m) - (8m)

8m से घटाएगे फिर चिह्न बदलेगे + 2m
- 8m

जोड़ने के बाद - 6m

उदाहरण 2

(-5x + 3y) में (7x + 8y) घटाना

हल (Solution): (7x + 8y) - (-5x + 3y)

+ 7x + 8y

+ 5x - 3y

+ 12x + 5y

(सभी शब्दों की गुणा करें जिन्हें प्रतीक के साथ घटाया जाना चाहिए बाद में चरणों में दिए गए समान शब्दों को जोड़े या घटाएं)

साधारण समीकरणों को हल करना (Solving of Simple Equations)

बीज गणित में संकेतों से संबंधित नियम

1 गुणा करने के नियम (Multiplication Rules)

(i) + x + = +

(ii) - x - = +

(iii) + x - = -

(iv) - x + = -

2 विभाजित करने के नियम (Division Rules)

(i) $\frac{+}{+} = +$

(ii) $\frac{-}{-} = +$

(iii) $\frac{+}{-} = -$

(iv) $\frac{-}{+} = -$

उदाहरण

1) a + 4 = 7

a = 7 - 4

a = 3

2) M - 5 = 3

m = 3 + 5

m = 8

3) 7P = 17

$P = \frac{17}{7}$

4) $\frac{x}{6} = 9$

x = 9 x 6

x = 54

© NIMI, Not to be republished

5) $7x + 3 = 15 + x$

$7x - x = 15 - 3$

$6x = 12$

$x = \frac{12}{6} = 2$

6) $\frac{5}{9}y = 0$

$Y = 0 \times$

$y = 0$

7) $\frac{8}{5}\ M + 6 = 8$

$\frac{8}{5}\ M = 8 - 6$

$\frac{8}{5}\ M = 2$

$M = 2X\frac{5}{8}$

$M = \frac{10}{8} = \frac{5}{4}$

8) $\frac{x}{3} + \frac{x}{2} = 30$

$\frac{2x + 3x}{6} = 30$

$5x = 30 \times 6$

$x = \frac{30 \times 6}{5} = 36$

$x = 36$

9) $\frac{x}{2} + \frac{x}{3} - \frac{5x}{12} = \frac{x}{6} + 36$

$\frac{x}{2} + \frac{x}{3} - \frac{5x}{12} - \frac{x}{6} = 36$

$\frac{6x + 4x - 5x - 2x}{12} = 36$

$\frac{3x}{12} = 36$

$x = 36 \times \frac{12}{3} = 144$

10) $\frac{5}{8}a - \frac{a}{2} + \frac{15}{4} = 0$

$\frac{5a - 4a + 30}{8} = 0$

$\frac{a + 30}{8} = 0$

$a + 30 = 0 \times 8$

$a = -30$

गुणा करना (Multiplication)

गुणा कार्य पूर्ण करने के लिए सबसे पहले गुणा चिन्हों को गुणा करे, बाद में गुणांक को गुणा करे फिर बाद के अक्षरों को गुणा करें।

उदाहरण 1

गुणा करें (2x-5) x (x-1)

(2x-5) (x-1)

$= 2x(x-1) - 5(x-1)$

$= 2x^2 - 2x - 5x + 5$

$= 2x^2 - 7x + 5$

उदाहरण 2

गुणा करें $(4x^2 + 3x - 12)$ by $(2x + 3)$

$(4x^2 + 3x - 12)(2x + 3)$

$= 2x(4x^2 + 3x - 12) + 3(4x^2 + 3x - 12)$

$= 8x^3 + 6x^2 - 24x + 12x^2 + 9x - 36$

$= 8x^3 + 6x^2 + 12x^2 - 24x + 9x - 36$

$= 8x^3 + 18x^2 - 15x - 36$

विभाजन करना (Division)

विभाजन करना कुछ भी नहीं है परंतु गुणन प्रक्रिया का विपरित अनुप्रयोग हैं।

उदाहरण 1

विभाजित करें $(x^2 + 11x + 30)$ by $(x + 6)$

$(x^2 + 11x + 30) \div (x + 6)$

$$
\begin{array}{r|l}
 & x + 5 \\
x + 6 & x^2 + 11x + 30 \\
 & x^2 + 6x \\
\hline
 & 5x + 30 \\
 & 5x + 30 \\
\hline
 & 0
\end{array}
$$

$x^2 + 11x + 30 \div x + 6 = x + 5$

© NIMI, Not to be republished

नियतकार्य (ASSIGNMENT)

जोड़ना (Addition)

1 जोड़ें 7y, 8y, 5y , 3y

2 जोड़ें 5x, 6x, 7y - 9y, 10x

3 जोड़ें $9a^2$, -7m, 5, $-14a^2$, 15m, -6

4 जोड़ें $\frac{5}{8}m, \frac{3}{16}m, -\frac{3}{4}m$

घटाना (Substraction)

1 घटाएं 9x में 7x

2 घटाएं 3a में 8a

3 (-5 -3b) - (3a + 5b)

4 घटाएं (3m + 5n) में (5m - 6n)

गुणा करना (Multiplication)

1 गुणा करें 6a x (- 2ab)

2 गुणा करें 3x (4x - 2y + 5)

3 गुणा करें (3x + 2) (3x - 2)

भाग करना (Division)

1 $25x \div 5$

2 $60ab \div 15a$

3 $14x - 7y \div 7$

© NIMI, Not to be republished

धातु के भौतिक एवं यांत्रिक गुण (Physical and mechanical properties of metals)

अभ्यास 1.7.19

धातु (Metal) :

धातु एक खनिज पदार्थ है जो सब प्रकार के इंजीनियरिंग कार्य में प्रयुक्त होती है। जैसे कि मशीन, पुल, हवाई जहाज इत्यादि । हमें इस धातु की सामान्य जानकारी होनी चाहिए ।

आजकल मशीनिस्ट के लिए धातुओं के भौतिक और मैकेनिकल गुण जानना अत्यधिक आवश्यक हो गया है क्योंकि उसे विभिन्न प्रभाग बनाने होते है और डिजाइनिंग सेवाओं में आवश्यक विभिन्न घटक जैसे कि तापमान को बढ़ाना, लचीला बनाना संपीडित करना और बढ़ते प्रभाव को सूचित करना - जैसी माँगों की आपूर्ति करनी होती है । धातुओं के विभिन्न गुणों की जानकारी उसे अपने कार्य को सफलतापूर्वक करने में मदद करती है । यदि उचित सामग्री/धातु का प्रयोग न किया जाए तो कार्य टूट सकता या उसमें अन्य त्रुटियाँ आ सकती है । हिस्सों से प्रयुक्त करते समय वे बेकार साबित हो सकते हैं ।

Fig 1 यह दर्शाता है कि समान भार के अन्तर्गत धातुएँ किस प्रकार विकृत हो जाती है ।

विकृतियों की मात्रा पर ध्यान दें ।

Fig 1



धातु के भौतिक गुण (Physical properties of metals)

- रंग
- वजन/विशिष्ट गुरुत्व
- संरचना
- चालकता
- चुम्बकीय गुण
- गलनीयता

रंग (Colour)

विभिन्न धातु के रंग भिन्न-भिन्न होते हैं । उदाहरण के लिए, तांबे का रंग विशिष्ट लाल होता है । माइल्ड स्टील का रंग नीला/काला चमकवाला होता है ।

भार (Weight)

दी गयी मात्रा के आधार पर धातु के भार पहचाने जाते हैं । एल्युमिनियम जैसी धातु का वजन कम है (Sp. gr.2.7) तथा लेड जैसी धातु का वजन अधिक होता है (Sp.gr. 11.34)

संरचना (Structure) (Figs 2 और 3)

सामान्यतः धातु को उनकी आंतरित संरचना के आधार पर विभक्त किया जा सकता है जब हम माइक्रोस्कोप के माध्यम से उसकी छड़ के अनुप्रस्थ काट को देखते हैं। गढ़ा लोहा और एलुमिनीयम की संरचना रेशेदार होती है । कच्चे लौह एवं ब्रौन्ज़ जैसी धातुओं की दानेदार संरचना होती है ।

Fig 2



FERRITE GIVES DUCTILITY AND SLAG FIBRES IMPROVE CORROSION RESISTANCE

Fig 3



FLAKES OF GRAPHITE REDUCE STRENGTH AND IMPROVE MACHINEABILITY

चालकता (Conductivity) (Figs 4 और 5)

थरमल वाहकता और विद्युतीय चालकता सामग्री की गर्मी एवं विद्युत की चालन क्षमता के मानदण्ड है । धातुओं की चालकता में भिन्न-भिन्न होती है। तांबा एवं एल्युमिनियम जैसी धातुएँ उष्मा एवं विद्युत की अच्छी चालक हैं।

चुम्बकीय गुण (Magnetic property)

यदि कोई धातु चुम्बक से आकर्षित होता है उसे चुम्बकीय धातु कहते हैं ।

जंग रोधक स्टील धातु को छोड़कर अधिकतर सभी लौह धातुएँ चुम्बक से आकर्षित होती हैं और सारी अलौह-धातुएँ और उनके मिश्रण चुम्बक से आकर्षित नहीं होते ।

© NIMI, Not to be republished

Fig 4



Fig 5



गलनीयता (Fusibility) (Fig 6)

धातु का यह वह गुण है जिसमें गर्मी के कारण वह पिघलती है । कई धातुएँ आकारों में परिवर्तित होती हैं जिसमें अर्थात् भिन्न-भिन्न तापमानों पर ठोस से द्रव्य में बदलती हैं । स्टील अधिक तापमान पर ठोस से द्रव्य में पिघलता है जबकि लेड कम तापमान पर ।

टीन 232°C पर पिघलता है ।

टंगस्टन 3370°C पर पिघलता है ।

Fig 6



यांत्रिक गुण **(Mechanical properties)**

– तन्यता (Ductility)

– वर्धनीयता (Malleability)

– कठोरता (Hardness)

– भंगुरता (Brittleness)

– कड़ापन (Toughness)

– सख्ती (Tenacity)

– लचीला (Elasticity)

तन्यता (Ductility) (Fig 7)

एक धातु को तन्य तभी कह सकते हैं जब वह टूटे बिना तारों में परिवर्तित हो जाये । धातु का वायर में परिवर्तत होना तन्यता पर आधारित है । तन्य धातु सशक्त एवं लचीली होती हैं। तांबा और एलुमिनीयम तन्य धातुओं के अच्छे उदाहरण हैं ।

Fig 7



आघात वर्धनीयता (Malleability) (Figs 8 and 9)

बढ़ने की योग्यता धातु का वह गुण जिससे उसे टंकण एवं रोलिंग आदि के माध्यम से किसी भी दिशा में बिना टूटे विस्तारित किया जा सकता है । लेड वर्धनीय धातु का अच्छा उदाहरण है ।

Fig 8



Fig 9



कठोरता (Hardness) (Fig 10)

कठोरता धातु की क्षमता का माप वह है जिसमें वह खरोंच, घिसाव तथा घर्षण सकती है जब उसे दाँतेदार बनाया जाता है । धातु की कठोरता का परीक्षण फ़ाइल आदि से अंकन द्वारा होता है ।

© NIMI, Not to be republished

Fig 10



भंगुरता (Brittleness) (Fig 11)

भगुंरता धातु का वह गुण है जो तोड़ने के पहले स्थायी विरूपण को स्थान नहीं देता । कच्चा लोहा इसका अच्छा उदाहरण है जो प्रहार या झटके की स्थिति में मुड़ता नहीं पर टूट जाता है ।

Fig 11



कड़ापन (Toughness) (Fig 12)

कड़ापन धातु का वह गुण है जिसके कारण वह प्रहार अथवा झटके का प्रभाव सह लेती है। कड़ापन भंगूरता का विपरीत गुण है । गढ़ा लोहा कड़ी धातु का अच्छा उदाहरण है ।

Fig 12



सख्ती (Tenacity)

धातु का बिना टूटे तन्य बलों के प्रभाव को सहने की क्षमता है सख्ती। हल्का स्टील, गढ़ा लोहा और तांबा सख्त धातुओं के अच्छे उदाहरण हैं ।

लचीलापन (Elasticity)

लचीलापन धातु की वह शक्ति है जो लगाए गए बल समाप्त होने पर पुनः उसे मूल रूप में लाती है । अच्छी तरह ताप - उपचारित स्प्रिंग लचीलेपन का अच्छा उदाहरण है ।

© NIMI, Not to be republished

लौह धातुएँ (Ferrous Metals)

जिस धातुओं में लौह प्रमुख रूप से मिश्रित होता है, उसे लौह धातुएँ कहते हैं। विभिन्न गुणों वाले लौह का प्रयोग विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु होता है।

लौहे, कच्चे लौहे, गढ़े लौहे और स्टील का परिचय (Introduction of Iron, Cast Iron, wrought Iron and steel)

सामान्यतः प्रयुक्त लौह धातु एवं मिश्र धातुएँ हैं :

- पिग- लोहा
- कच्चा लोहा
- गढ़ा लोहा
- स्टील और मिश्र धातु स्टील

विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रयोग लोहे एवं स्टील के उत्पादन में होता है।

पिग लौहा (निर्माण प्रक्रिया) **(Pig-iron** (Manufacturing process)):

लौह अयस्क में रासायनिक कमी लाकर लोहा प्राप्त किया जाता है। लौह अयस्क की प्रक्रिया स्मोल्टिंग कहलाती है।

पिग लौह के उत्पादन में निम्नलिखित कच्चे माल की आवश्यकता :

- लोह अयस्क (Iron ore)
- कोक (Coke)
- फ्लक्स (Flux)

लौह अयस्क (Iron ore)

निम्न लिखित मुख्य अयस्कों का उपयोग होता है :

– मैग्नेटाइट
– हेमेटाइट
– लीमोनाइट
– कार्बोनेट

इन अयस्कों में लौहा विभिन्न अनुपातों में होता है एवं प्राकृतिक तौर पर उपलब्ध होता है ।

कोक (Coke)

कोक एक ईंधन है जो काम करने की प्रक्रिया में उपयुक्त ऊष्मा प्रदान करता है। कोक से निकला कार्बन लौह अयस्कों में कार्बन मोनो आक्साइड के रूप में मिलता है और लोहा तैयार होता है।

फ्लक्स (Flux)

यह एक खनिज पदार्थ है जो अयस्क के गलन बिन्दु को कम करने के लिए ब्लास्ट फर्नेस में लगाया जाता है। यह पिघला हुआ लावा बनता है और अयस्क के अधातु भाग के साथ मिलाता है ।

ब्लास्ट फर्नेस में फ्लक्स के लिए लाइमस्टोन का सामान्यतः प्रयोग होता है।

पिग लोह का उपयोग एवं गुण (Properties and use of Pig-iron)

पिग लोह को परिष्कृत कर दुबारा पिघला के अन्य प्रकार के लोहे एवं स्टील के उत्पाद बनाये जाते हैं ।

कच्चा लोहा (उत्पादन प्रक्रिया) **(Cast Iron** (Manufacturing process))

पिग लोहा जो ब्लास्ट फर्नेस के द्वारा टेप होता है वह कच्चे माल का कच्चा रूप है। इसे फिर से परिष्कृत करके कास्टिंग की जाती है । यह परिस्कृत कार्य क्यूपोला फर्नेस में किया जाता है जो कि ब्लास्ट फर्नेस का छोटा रूप होता है ।

सामान्यतः क्यूपोला फर्नेस ब्लास्ट फर्नेस की तरह निरंतर कार्य नही करती लेकिन ये आवश्यकतानुसार चलायी जाती है ।

कच्चा लोहा (प्रकार) (Cast Iron (Types))

कच्चा लोहा, लोहा, कार्बन और सीलीकॉन का मिश्रण है। कार्बन की मात्रा 2% से 4% तक होती है ।

कच्चे लोहे के प्रकार

कच्चे लोहे के प्रकार नीचे दिए गए हैं :

– ग्रे कास्ट आयरन (कच्चा लोहा) (Grey cast iron)
– सफेद कच्चा लोहा (White cast iron)
– वर्धनीय कच्चा लोहा (Malleable cast iron)
– गांठदार कच्चा लोहा (Nodular cast iron)

ग्रे कच्चा लोहा (Grey cast iron)

यह मशीनरी पाट्र्स की कास्टिंग करने में ज्यादातर प्रयुक्त होता है और आसानी से मशीन होता है ।

कच्चे लोहे से मशीन बेस, मेज़ें, साइडवेस बनते हैं क्योंकि कुछ समय के पश्चात् ये स्थिर आयामी हो जाता है ।

कच्चा लोहा अपने ग्राफेटिक तत्त्व के कारण उत्कृष्ट बीयरींग एवं स्लाइंडिग सतहें बनाने में काम आता है।

इसका गलनांक बिन्दु स्टील के मुकाबले कम होता है और ग्रे कच्चे लोहे के समान इसमें अच्छी तरलता होती है, इससे जटिल कास्टिंग की जा सकती है।

ग्रे कच्चे लोहे का उपयोग ज्यादातर मशीनी उपकरण बनाने में होता है। क्योंकि यह कम्पन की क्षमता को कम करता हैं एवं उपकरण की चटखन कम करता है ।

जब ग्रे कच्चे लोहे को मिश्रित नहीं किया जाता यह थोड़ा भंगुर और कम तन्य होता हैं। इसी कारण इसका प्रयोग उन घटकों को बनाने में नहीं होता जिन पर उच्च तनाव या लोड पड़ता है ।

ग्रे कच्चे लोहे को कड़ा बनाते है इसमें अक्सर निकिल, क्रोमीयम, वनैडियम या ताम्बे को मिश्रित किया जाता है।

ग्रे कच्चा लोहा जोड़ने के योग्य है परन्तु प्रमुख धातु को पहले से गरम करना पड़ता है।

© NIMI, Not to be republished

सफेद कच्चा लोहा (White cast iron)

यह बहुत कठोर होता है एवं मुश्किल से मशीन होता है इस कारण यह उन घटकों के लिए उपयोगी है जो घर्षण प्रतिरोधक होने चाहिए।

अधिक ठण्डक एवं सीलीकॉन के घटक कम करके के सफेद कच्चे लोहे का उत्पादन होता है। इस प्रकार इसे ठण्डा करने के कारण यह ठण्डा कच्चा लोह कहलाता है।

सफेद कच्चे लोहे को वेल्ड नहीं किया जा सकता।

वर्धनीय कच्चा लोहा (Malleable cast iron)

ग्रे कच्चे लोहे के मुकाबले वर्धनीय कच्चा लौहे में अधिक लचीलापन, तन्य ताकत एवं सख्ती होती है।

लगभग 30 घण्टे का लम्बा उष्मा-उपचार कर सफेद कच्चे लौहे में से वर्धनीय कच्चा लौहा बनाया जाता है ।

गांठदार कच्चा लोहा (Nodular cast iron)

यह वर्धनीय कच्चे लोहे के समान है। परन्तु इसका उष्मा उपचार नहीं होता है। **गांठदार कच्चा लोहा - गांठदार लोहा - तन्य लोह - स्फेरोइडल ग्रेफाईट लोहे** के नाम से भी जाना जाता है।

इसमें मशीनी क्षमता, कास्टेबिलीटी, कम प्रतिरोधकता, निम्न गलनांक बिन्दु एवं कठोरता होती हैं।

वर्धनीय एवं गांठदार कच्चा लोहा उन मशीनी भाग बनाने में प्रयुक्त होता है जिसमें उच्चतर तन्यता तनाव, मध्यम इम्पैक्ट लोडिंग होते हैं। इसकी कास्टिंग कम महंगी एवं स्टील कास्टिंग का वैकल्पि हैं।

गढ़ा लोहा (उत्पादन प्रक्रिया) (Wrought Iron (Manufacturing process)) (Fig 1)

गढ़ा लोहा लोहे का शुद्ध रूप है। गढ़े लोह के विश्लेषण द्वारा यह पता चलता है इसमें 99.9% तक लोहा होता है। (Fig 1) गरम करने पर गढ़ा लौहा पिघलता नहीं परन्तु यह गाढ़ा हो जाता है और कोई भी आकृति में ढ़ाला जा सकता है।

Fig 1



MICROSTRUCTURE OF WROUGHT IRON

गढ़े लोह के अधिक मात्रा में उत्पादन की नवीन विधियाँ :

– पुडिंग प्रक्रिया (puddling process)

– रास्टेन या बायर्स प्रक्रिया (aston or Byers process)

स्टील (Steel)

यह शुद्ध लौहा है । इसमें कार्बन के घटक अधिक होते हैं । कार्बन की अधिकता इसे सरल एवं कठोर बनाती है। कार्बन के घटक 0.15% से 1.5% होते हैं। इसमें अन्य अशुद्धता पायी जाती है जैसे कि सल्फर, फास्फोरस आदि जिन्हें अलग नही किया जा सकता है। निश्चित तापमान पर गरम करने एवं तेल या पानी में ठण्डा करने पर यह कठोर एवं टेम्पर्ड हो जाता है।

निम्नलिखित विधियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टील बनाये जाते हैं।

1 सीमेंटेशन प्रक्रिया (Cementation process)

2 क्रूसिबल प्रक्रिया (Crucible process)

3 बेसेमर प्रक्रिया (Bassemer process)

4 खुला चुल्हा प्रक्रिया (Open hearth process)

5 इलेक्ट्रों थर्मो प्रक्रिया (Electro thermo process)

6 उच्च आवृति प्रक्रिया (High frequency process)

11.13 स्टील के मुख्य प्रकार (Main types of steel)

स्टील के मुख्यतः दो प्रकार हैं :

1 सादा स्टील (Plain steel)

2 मिश्र धातु स्टील (Alloy steel)

1 सादा स्टील (Plain steel) : इसमें कार्बन एवं लोहा मिलाये जाते हैं। कार्बन के प्रतिशत के तहत सादे स्टील के निम्न प्रकार हैं :

A निम्न कार्बन स्टील (Low carbon steel)

B मध्य कार्बन स्टील (Medium carbon steel)

C उच्च कार्बन स्टील (High carbon steel)

A निम्न कार्बन स्टील (Low carbon steel) : इसे हल्का स्टील भी कहते हैं। इसमें कार्बन का प्रतिशत 0.15% से 0.25% तक हाता है। कार्बन की कम मात्रा के कारण यह पर्याप्त नरम होता है और तनाव को बर्दाश्त करता है। फोर्जिंग और रोलिंग के द्वारा इसे विभिन्न आकृतियों में ढ़ाला जा सकता है यह इतना अधिक कठोर एवं सख्त नहीं होता है। इसे सामान्य विधि द्वारा कठोर या टैम्परड नहीं किया जा सकता। नट, बोल्ट, रिविट शीट, वायर, T-लोहा और कोण लोहा आदि इससे बनते हैं।

B मध्यम कार्बन इस्पात (Medium carbon steel) : इसमें कार्बन की दर 0.25% से 0.5% तक होती है। कार्बन की अधिक मात्रा के कारण यह हल्के स्टील के मुकाबले अधिक कठोर एवं सख्त होता है। इसमें मजबूती अधिक होती है। यह टेम्परिंग और हार्डनिंग में प्रयुक्त होता है । इसको फोर्ज और रोल करके विभिन्न वस्तुएँ बनती हैं । यह तन्य ट्यूब, वायर, कृषि, उपकरण, जोड़ने के रॉड, कैम साफ्ट, स्पेनर, चरखी आदि बनाने में उपयोगी है।

C उच्च कार्बन स्टील (High carbon steel) : इसमें कार्बन की दर 0.5% से 1.5% तक होती हैं। यह बहुत ही कठोर होता है। गर्म करने पर इसे कठोर बनाया जा सकता है। इसे कास्ट या रोल नहीं किया जा सकता। यह बहुत ही कठोर एवं सख्त होता है। यह स्थायी चुम्बकीय गुण अधिग्रहण करता है। यह नूकीले उपकरण, स्प्रींग, डाईपंप, फाइलें, ठण्ड छेनी, प्रेस डाई आदि बनाने में उपयोगी है।

© NIMI, Not to be republished

2 मिश्रित स्टील (Alloy Steel)

जब स्टील को अन्य धातु जैसे वीनोलीयम, मैंगनाइज़ टंगस्टेन आदि के साथ मिलाया जाता है तब इसे मिश्रित स्टील कहते हैं। मिश्रित इस्पात में उसके घटकों के गुण होते हैं।

मिश्रित स्टील के प्रकार (Types of Alloy Steel)

मिश्रित स्टील के मुख्यतः दो प्रकार हैं (Alloy steel is mainly of two types):

A निम्न मिश्रित स्टील (Low alloy steel)

B उच्च मिश्रित स्टील (High alloy steel)

A निम्न मिश्रित स्टील (Low Alloy steel) : कार्बन के अलावा इसमें अन्य धातुएँ कम मात्रा में पायी जाती है। इसमें तन्यता शक्ति अधिक होती है। इससे वेल्डिंग हो सकता है। यह कठोर एवं टेम्पर्ड भी हो सकता है। इसका प्रयोग हवाई जहाज एवं कैम साफ्ट के विभिन्न अंग आदि बनाने में होता है।

B उच्च मिश्रित स्टील (High Alloy Steel) : कार्बन के अलावा इसमें धातु की मात्रा निम्न मिश्रित स्टील के मुकाबले अधिक होती है। इसके निम्न प्रकार हैं :

a उच्च गति स्टील (High Speed Steel) : इसे उच्च टंगस्टन भी कहा जाता है क्योंकि इसमें टंगस्टन की मात्रा अधिक होती है। टंगस्टन की मात्रा के अनुसार इसे तीन वर्गों में बाँटा गया है।

1 टंगस्टन 22%, क्रोमीयम 4%, वनैडियम 1% (Tungsten 22%, Chromium 4%, Vanadium 1%)

2 टंगस्टन 18%, क्रोमीयम 4%, वनैडियम 1 (Tungsten 18%, Chromium 4%, Vanadium 1%)

3 टंगस्टन 14%, क्रोमीयम 4%, वनैडियम 1 (Tungsten 14%, Chromium 4%, Vanadium 1%)

इससे काटने के उपकरण बनते हैं क्योंकि यह बहुत ही कठोर होता है और कम तापमान में नरम हो जाता है। इस कारण काटने की प्रक्रिया के समय तापमान बढ़ जाता हैं तो फिर काटने के उपकरण व्यर्थ हो जाते है पर टंगस्टन के उच्च प्रतिशत के कारण यह उच्च तापमान पर भी कार्य करता रहता है। यह काटने के उपकरण, ड्रिलिंग, कटर, रिमरों, हैक्साब्लैड आदि में प्रयुक्त होता है ।

b निकल स्टील (Nickel Steel) : इसमें 0.3% कार्बन एवं 0.25 से 0.35% निकल की मात्रा होती है। निकल के कारण इसकी तन्यता शक्ति, प्रत्यास्थ सीमा और कठोरता बढ़ती है। इसमें जंग नही लगता। इसमें निकल 0.35% होने के कारण सादे कार्बन एवं स्टील के मुकाबले 6 गुना अधिक काटने की प्रतिरोधकता होती है । इसका प्रयोग रिवीट्स, पाइप, एक्सल शाफ्टिंग, बस एवं हवाई जहाज के भाग बनाने में होता है। यदि 30% - 35% निकल में 5% कोबाल्ट मिला दिया जाये तो यह इन्वार स्टील बन जाता हैं। कीमती उपकरण बनाने में इसका मुख्यतः उपयोग होता है।

c वनैडियम स्टील (Vanadium Steel) : इसमें 1.5% कार्बन, 12.5% टंगस्टेन, 4.5% क्रोमीयम, 5% वनैडियम और 5% कोबाल्ट पाया जाता है। इसकी प्रत्यास्थता सीमा, तन्य ताकत एवं लचीलपन अधिक होता है। यह उत्पादन उपकरणों के निर्माण में अधिक उपयोगी है।

d मैंगनीज स्टील (Manganese Steel) : यह विशिष्ट मिश्रित स्टील भी कहलाता है। इसमें 1.6% से 1.9% मैंगनीज और 0.4% से 0.5% कार्बन होता है । यह कठोर होता है और अधिक नहीं टिकता है । यह चुम्बक से प्रभावित नहीं होता। यह ग्राइन्डर और रेल पाइन्टों में प्रयुक्त होता है।

e स्टेइनलेस स्टील (Stainless Steel) : लोह के साथ इसमें 0.2% से 90.6% कार्बन, 12% से18% क्रोमीयम, 8% निकल और 2% मॉलिब्डेनम होता है। यह चाकू, कैंची, बर्तन, हवाई जहाज के भाग, वायर, पाइप एवं गियर आदि बनाने में उपयोगी है।

स्टेनलेस स्टील के गुण (Properties of stainless steel):

1 उच्च संक्षारण प्रतिरोध (Higher corrosion resistance)

2 उच्च तन्यता परिशीतन (Higher cryogenis toughness)

3 उच्च कार्यकारी हाईनिंग दर (Higher work hardening rate)

4 उच्च गर्म शक्ति (Higher hot strength)

5 उच्च लचीलापन (Higher ductility)

6 उच्च शक्ति और कठोरता (Higher strength and hardness)

7 अधिक आकर्षक दिखावट (More attractive appearance)

8 न्यूनतम मरम्मत (Lower maintenance)

f सीलीकॉन स्टील (Silicon Steel) : इसमें 14% सीलीकॉन होता है। सीलीकॉन की दर के आधार पर इसके प्रयोग बहु लौह है। निर्माण कार्य में 0.5% से 1% सीलीकॉन, 0.7% से 0.95% मैंगनीज के मिश्रण का उपयोग होता हैं। विद्युतीय मोटर, जेनरेटर, ट्रांसफार्मर के लेमीनेशन के उत्पादन में 2.5% से 4% सीलीकॉन का मिश्रण किया जाता हैं। रासायनिक उद्योगों में 14% सीलीकॉन का मिश्रण प्रयुक्त किया जाता है ।

g कोबाल्ट स्टील (Cobalt Steel) : उच्च कार्बन स्टील में 5% से 35% कोबाल्ट होता है। इसमें कठोरता एवं सख्ती अधिक होती है। इसमें चुम्बकीय गुण होता हैं इसलिए इसका प्रयोग स्थायी चुम्बक बनाने में होता है ।

© NIMI, Not to be republished

लौह एवं अलौह मिश्र (Ferrous and Non ferrous alloys)

मिश्र धातु और लौह मिश्र धातु (Alloying metals and ferrous

दो या अधिक धातुओं को एक साथ पिघला के मिलाकर एक मिश्र धातु बनाई जाती है।

लौह धातुओं और मिश्र धातुओं के लिए, आयरन धातु मुख्य घटक है। मिलाए गये मिश्र धातु के प्रकार और प्रतिशत के आधार पर, मिश्र धातु इस्पात की गुण अलग-अलग होगी।

साधारण तौर पर मिश्र धातु बनाने के लिए स्टील्स को निकिल के साथ मिलाया जाता है।

निकल (Ni) **(Nickel** (Ni)**)**

यह एक कठोर धातु है और कई प्रकार के जंग रोधी है।

इसका उपयोग औद्योगिक अनुप्रयोगों में किया जाता है जैसे कि निकल, कैडमियम, बैटरी, बॉयलर ट्यूब, आंतरिक दहन इंजन के वाल्व, इंजन स्पार्क प्लग आदि। निकल का गलनांक बिन्दु 1450^{0}C हैं। निकल को चुंबकित किया जाता है। स्थायी चुम्बक के निर्माण में एक विशेष निकल स्टील मिश्र धातु का उपयोग किया जाता है। इनवार स्टील में 36% निकल होता है। यह कठोर और संक्षारण प्रतिरोधी है। परिशुद्धता उपकरण इनवार स्टील से बने होते हैं क्योंकि इसमें विस्तार का सबसे कम गुणांक होता है।

निकल स्टील मिश्र धातु है जिसमे निकल 2% से 50% तक होता है।

क्रोमीयम (Cr) **(Chromium** (Cr)**)**

क्रोमीयम जब स्टील में मिलाया जाता है, तो स्टील की जंग प्रतिरोध, कठोरता और मजबूती में सुधार होती है। क्रोमीयम स्टील उपलब्ध है जिसमें क्रोमियम 30% तक हो सकता है।

ऑटोमोबाईल के पार्ट्स और कटिंग उपकरण बनाने के लिए क्रोमीयम निकल, टंग्स्टन और मोलिब्डेनम मिश्र धातु हैं।

क्रोमियम का उपयोग इलेक्ट्रोप्लेटिंग घटकों के लिए भी किया जाता है। सिलेंडर लाइनर क्रोम-प्लेटेड होते ताकि प्रतिरोधक गुण हों। स्टेनलेस स्टील में लगभग 13% क्रोमीयम होता है। क्रोमीयम निकल स्टील का उपयोग बीयरिंग के लिए किया जाता है। क्रोमियम वनैडियम स्टील का प्रयोग हाथ से उपयोग की जाने वाले उपकरण बनाने के लिए किया जाता है जैसे कि स्पैनर और रिंच (पाना)

मैंगनीज (Mn) **(Manganese** (Mn)**)**

स्टील में मैंगनीज को जोड़ने से कठोरता और मजबूती बढ़ जाती है लेकिन शीतलन दर कम हो जाती है।

मैंगनीज स्टील का उपयोग बाहरी सतह को सख्त करने के लिए किया जा सकता है जो एक सरल कोर के साथ प्रतिरोध सतह प्रदान करता है। लगभग 14% मैंगनीज युक्त मैंगनीज स्टील का उपयोग ब्लेड और हल जैसे कृषि उपकरण बनाने के लिए किया जाता है।

सिलिकॉन (Si) **(Silicon** (Si)**)**

स्टील के साथ मिश्र धातु के लिए सिलिकॉन मिलाने से उच्च ऑक्सीकरण के प्रतिरोध में सुधार करता है।

प्रत्यास्था में सुधार करता है, और जंगरोधी बनाता है। सिलिकॉन मिश्र धातु स्टील का उपयोग स्प्रिंग के निर्माण और स्टील के कुछ प्रकारों में किया जाता है, इसके जंग प्रतिरोध के कारण। कच्चा लोहा में 2.5% सिलिकॉन होता है। यह मुक्त ग्रेफाइड के निर्माण में मदद करता है जो कच्चा लोहा की मशीन क्षमता को बढ़ावा देता है।

टंगस्टन (W) (Tungsten (W)**)**

टंगस्टन का गलनांक 3380^{0}C तापमान है। इसे पतले तारों में खींचा जाता है। इस कारण से इसका उपयोग बिजली लैंप के फिलामेंट को बनाने के लिए किया जाता है।

टंगस्टन का उपयोग उच्च गति काटने वाले उपकरणों के उत्पादन के लिए एक मिश्र धातु के रूप में किया जाता है। अधिक गति के स्टील (HHS) में 18% टंगस्टन, 4% क्रोमियम और 1% वैनेडियम का एक मिश्र धातु है।

स्टेलाइट 30% क्रोमियम, 20% टंगस्टन, 1से 4% कार्बन और बाकी कोबाल्ट का मिश्र धातु है ।

वेनैडियम (Va) **(Vanadium** (Va)**)**

यह स्टील की कठोरता में सुधार होता है। वैनेडियम स्टील का उपयोग गियर्स, औजारों आदि के निमार्ण में किया जाता है। वैनेडियम स्टील उपकरण में एक फाइन ग्रेन संरचना उपलब्ध करने में मदद करती है।

क्रोम-वेनैडियम स्टील में 0.5% से 1.5% क्रोमीयम, 0.15% से 3% वेनैडियम, 0.13% - 1.10% कार्बन होता है।

इस मिश्र धातु में उच्च तनन सामर्थ्य, प्लास्टीक सीमा और लचीलापन है। इसका उपयोग स्प्रींग, गियर, शाफ्ट और ढलवा घटक बनाने में किया जाता है।

वेनैडियम उच्च गति स्टील में 0.70% कार्बन और लगभग 10% वेनेडियम होते है। यह एक बेहतर उच्च गति वाला स्टील माना जाता है।

कोबाल्ट (Co) **(Cobalt** (Co)**)**

कोबाल्ट की गलनांक बिंदु 1495^{0}C है। यह चुम्बकीय गुणों और प्रतिरोध को बहुत अधिक तापमान पर बनाए रख सकता है। कोबाल्ट का उपयोग मैग्नेट वाले बेयरिंग, कटिंग टूल्स आदि के निर्माण में किया जाता है। कोबाल्ट-हाई-स्टील (कभी-कभी सुपर HSS के रूप में जाना जाता है) में लगभग 5 से 8% कोबाल्ट होता है । इसमें 18% टंगस्टन HSS की तुलना में बेहतर कठोरता और प्रतिरोध के गुण होता है।

मॉलिब्डेनम (Mo) **(Molybdenum** (Mo)**)**

मॉलिब्डेनम का गलनांक 2620^{0}c है। इसे गर्म होने पर नरम होने के विरुध्द उच्च प्रतिरोध देता है। मॉलिब्डेनम हाई स्पीड स्टील में 6% मॉलीब्डेनम, 6% टंगस्टन, 4% क्रोमियम और 2% वेनैडियम होता है। यह हाई स्पीड स्टील बहुत कठोर होती है और इसमें काटने की क्षमता अच्छी होती है।

कैडिनियम (cd) **(Cadmium** (cd)**)**

कैडिनियम की गलनांक 320^{0}c होता है। इसका उपयोग कटिंग वाले स्टील घटकों के लिए किया जाता है।

मिश्र धातु और अलौह मिश्र धातु (Alloying Metals and Non Ferrous Alloys)

© NIMI, Not to be republished

अलौह धातु और मिश्र धातु (Non-ferrous Metals And Alloys)

ताम्बा एवं उसके मिश्रण (Copper and its alloys)

बिना लोहे के धातुओं को अलौह धातु कहा जाता है। तांबा, एल्यूमीनियम,जस्ता, सीसा और टीन। उदाहरण के लिए

ताम्बा (Copper)

यह इसके अयस्कों 'मेलेसाइट' (MALACHITE) से निकाला गया है । जिसमें लगभग 55% तांबा और 'पैराइट्स' (PYRITES) है, जिसमें 32% तांबा है।

गुण (Properties)

यह रंग लाल रंग की होती है। रंग की वजह से कॉपर आसानी से अलग-अलग हो जाता है।

खंडित होने पर संरचना दानेदार होती है, लेकिन जब ढाला जाता है या रोल किया जाता है तब रेशेदार होता है।

यह बहुत अघातवर्धनीय और तन्य होता है और इसे चादर या तारों में बनाया जा सकता है ।

यह विद्युत का सुचालक होता है । कॉपर का व्यापक रूप से विद्युत केबल और विद्युत उपकरणों के कुछ हिस्सों के रूप में उपयोग किया जाता है जो विद्युत प्रवाह का संचालन करते है।

तांबा उष्मा का अच्छा संवाहक है और जंग के लिए, अत्यधिक प्रतिरोधी भी है। इस कारण इसे इसका उपयोग बायलर फायर बाक्स, जल ताप उपकरण, पानी के पाइप, शराब की भट्ठी में बर्तन और रासायनिक संयंत्रों में किया जाता है। यह सोल्डरिंग आयरन बनाने के लिए भी उपयोग किया जाता है।

तांबा का गलनांक 1083^0c है ।

तन्यता स्ट्रेन्थ हैमरिंग या रोलिंग द्वारा बढ़ाई जा सकती है ।

ताम्बा मिश्र धातु (Copper Alloys)

पीतल (Brass)

यह तांबा और जस्ता का मिश्र धातु है। कुछ प्रकार के पीतल के लिए टिन या लीड की कुछ मात्रा मिला दी जाती हैं। पीतल की रंग मिश्र धातु तत्वों के प्रतिशत पर निर्भर करता है । रंग पीला या हल्का पीला, या लगभग सफेद होता है । इसे आसानी से मशीनों द्वारा बनाया जा सकता है। पीतल संक्षारण प्रतिरोधी भी है ।

पीतल व्यापक रूप से मोटर काररेडियेटर कोर और पानी के नल आदि के निर्माण के लिए करते है। इसका उपयोग हाई वेल्डिंग/टांग लगाने के लिए गैस बेल्डिंग में भी किया जाता है। पीतल का गलनांक 880^0 से 930^0c तक होता है।

विभिन्न संरचनाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पीतल बनाये जाते हैं। निम्न टेबल 1 आमतौर पर उपयोग की जाने वाली पीतल मिश्र धातु की संरचनाएँ और उनके उपयोग दिया हैं।

कांसा (Bronze)

कांसा मूल रूप से तांबे और टिन का एक मिश्र धातु है। कभी-कभी कुछ विशेष गुणों को प्राप्त करने के लिए जिंक भी मिलाया जाता है। इसका रंग लाल से लेकर पीला तक होता है। कांसा का गलनांक 1005^0c है। पीतल की तुलना में यह कठोर होता है। इसे गहरे उपकरणों के साथ आसानी से बनाया जा सकता है। उत्पादित चिप दानेदार होता हैं। विशेष कांस के मिश्र धातुओं को कांस की छड़ के रूप में उपयोग किया जाता है। विभिन्न अनुप्रयोगों विभिन्न संरचनाओं के कांस्य विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए उपलब्ध हैं।

सीसा और उसके मिश्र धातु (Lead and its alloys)

सीसा एक बहुत ही सामान्य रूप से उपयोग की जाने वाली अलौह धातु है और इसमें विभिन्न प्रकार के औद्योगिक अनुप्रयोग होती है।

इसके अयस्क गैलिना 'GALENA' से लेड का उत्पादन किया जाता है। सीसा एक भारी धातु है। जो पिघल जाने पर सिल्वर रंग की होती है। यह नरम और अघातवर्धनीय है और जंग प्रतिरोधक है। यह परमाणु विकिरण के विरूद्ध अच्छा इंसुलेटर लेड है। सल्फ्यरिक अम्ल और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल जैसे कई अम्ल के लिए प्रतिरोधी है।

इसका उपयोग कार की बैटरियों, सोल्डर आदि तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग पेंट बनाने में भी किया जाता है ।

सीसा मिश्रण (Lead Alloys)

बैबिट मेटल (Babbitt metal)

बैबिट मेटल सीसा, तांबा और एन्टिमनी का मिश्र धातु है। यह एक नरम, घर्षण विरोधी मिश्र धातु है, जिसे अक्सर बीयरिंग के रूप में उपयोग किया जाता है।

सीसा और टीन के एक मिश्र धातु का उपयोग 'सॉफ्ट सोल्डर' के रूप में किया जाता है ।

जस्ता और इसके एलॉए (Zinc and its alloys)

जस्ता जंग को रोकने के लिए स्टील पर कोटिंग के लिए आमतौर पर उपयोग की जाने वाली धातु है। उदाहरण है स्टील की बाल्टियाँ, जस्ती छत की चादरों आदि।

जस्ता अयस्क कैलामाइन या मिश्रण से प्राप्त किया जाता है।

इसका गलनांक 420^0c होता है।

यह भंगुर होता है और गरम करने पर मुलायम हो जाता है, यह संक्षारण प्रतिरोधी भी है। यह इस कारण से है कि इसका उपयोग बैटरी कंटेनरों के लिए किया जाता है और छत की चादरों आदि पर लेपित किया जाता है।

जस्ती लोहे की चादरों जिंक के साथ लेपित होती हैं।

टिन और टिन के मिश्र (Tin and tin alloys)

टिन (Tin)

टिन का उत्पादन कैसेराइट या टिनस्टोन से होता है। यह दिखने में सफेद रंग का है। और गलनांक 231^0c है। यह नरम और अत्यधिक संक्षारण प्रतिरोधी है।

टिन का उपयोग मुख्य रूप से खाद्य कंटेनरों के उत्पादन के लिए, स्टील शीट पर एक कोटिंग के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग अन्य धातुओं के साथ, मिश्र धातु बनाने के लिए भी किया जाता है।

उदाहरण : कांसा बनाने के लिए तांबे के साथ टिन। सोल्डर बनाने के लिए सीसा के साथ टिन। टिन, तांबा, सीसा और एन्टीमनी के साथ बैबिट धातु बनाते है।

एल्युमीनियम (Aluminium)

एल्युमिनियम एक अलौह धातु है जिसे, बॉक्साइट से निकाला जाता है। एल्युमिनियम सफेद या सफेद भूरे रंग का होता है। इसका गलनांक बिंदु 660^o C है। एल्युमीनियम में उच्च विद्युत और तापीय चालकता होती है। यह नरम और तन्य होती है, एल्युमीनियम का उपयोग व्यापक रूप से विमान उद्योग और निर्माण कार्य में हल्केपन के कारण किया जाता है। विद्युत उद्योगों में इसका उपयोग भी बढ़ रहा है। घरेलू तापीय उपकरणों में इसका उपयोग अधिकतर हो रहा है।

© NIMI, Not to be republished

स्टील और आयरन, अलाय स्टील और कार्बन स्टील में अंतर (Difference between iron & steel, alloy steel & carbon steel)

अभ्यास 1.7.22

लोहे और स्टील में अंतर (Difference between iron and steel):

क्र.	बुनियादी अंतर	लोहा	स्टील
1	बनावट	शुद्ध पदार्थ	लोहे और कार्वन से बना है
2	प्रकार	कास्ट आयरन, ढलवा लोहा और स्टील	कार्बन स्टील और मिश्र धातु
3	जंग	जल्दी से आक्सीकरण हो जाता है और इसका परिणाम जंग है	विभिन्न तत्व होते है जो जंग लगने से बचाता है
4	सतह	सतह पर जंग लगती है	सतह चमकदार होती है
5	उपयोग	भवन, उपकरणों और ओटोमोबाइल में उपयोगी	भवन, कार, रेलवे और आटो मोबाइल में उपयोगी
6	अस्तित्व	प्रकृति में उपलब्ध	इसका निर्माण किया जाता है

भारत में स्टील प्लांट

क्र.सं.	स्टील प्लांट के नाम	राज्य
1	टाटा आयरन	बिहार
2	इंडियन आयरन स्टील	पंश्चिम बंगाल
3	विश्वेश्वरैया स्टील प्लांट	कर्नाटक
4	भिलाई स्टील प्लांट	मध्य प्रदेश
5	दुर्गापुर स्टील प्लांट	पश्चिम बंगाल
6	मिश्र धातु स्टील प्लांट (दुर्गापुर)	पश्चिम बंगाल
7	बोकारो स्टील प्लांट	बिहार
8	राउल केला स्टील प्लांट	उडिसा
9	सेलम स्टील प्लांट	तमिल नाडू
10	विशाखापट्टनम स्टील प्लांट	आन्ध्र प्रदेश

कास्ट आयरन, माइल्ड स्टील और स्टील के गुणों में तुलना

गुण	कास्ट आयरन	माइल्ड स्टील	स्टील
संरचना	कार्बन की मात्रा 2 से 4.5%	कार्बन की मात्रा 0.1 से 0.25%	कार्बन की मात्रा 0.5 से 1.7%
सामर्थ्य	– हाई कम्प्रेसिव स्ट्रेन्थ – कम तनन सामर्थ्य – कम शियरिंग सामर्थ्य	– मध्यम कम्प्रेसिव स्ट्रेन्थ – मध्यम तनन सामर्थ्य – मध्यम शियरिंग सामर्स्य	– उच्च कम्प्रेसिव स्ट्रेन्थ – उच्च तनन स्ट्रेन्थ – उच्च शियरिंग स्ट्रेन्थ
अघातवर्धनीयता	कम	उच्च	उच्च
तन्यता	कम	उच्च	उच्च
कठोरता	मध्यम सख्त और गर्म करने से कठोर तथा ठंडा करने से नरम होती है	मध्यम	कठोर
चीमड़ता	कम चीमड़ता	बहुत	कार्बन सामग्री के साथ चीमड़ता भिन्न होती है
भंगूरता	भंगूर	अघातवर्धनीयता	अघातवर्धनीयता
ढालने की क्षमता	ढाला नहीं जा सकत है	ढाला जा सकती है	ढाला जा सकती है
वेल्डिंग योग्य	वेल्ड नहीं किया जा सकता	बहुत आसानी से वेल्ड किया जा सकता है	वेल्ड किया जा सकता है
दलाई	आसानी से ढाली जा सकती है	ढाली जा सकती है लेकिन आसानी से नहीं	ढाली जा सकती है
प्लास्टिसिटी	कम	उच्च	उच्च

© NIMI, Not to be republished

लोह और अलोह धातु में अंतर

लोह धातु	अलोह धातु
1 लोहे की मात्रा अधिक	1 लोहे नहीं होते है
2 गलनांक बिंदु उच्च	2 निम्न गलनांक
3 यह भूरा और काले रंग की होती है	3 यह विभिन्न रंगों में होता है
4 इसमें जंग लग जाती है	4 जंग रोधी होते है
5 इसमें चुम्बक के गुण होते है	5 अचुम्बकीय है
6 यह ठंडी अवस्था में भंगूर होते है	6 यह गरम अवस्था में भंगूर होते है

कास्ट आयरन और स्टील में अंतर

कास्ट आयरन	स्टील
1 कार्बन की मात्रा अधिक होती है	कार्बन की मात्रा कम होती है
2 कार्बन मुक्त अवस्था में होती है	कार्बन मिश्रित होती है
3 गलनांक बिंदु कम होती है	गलनांक बिंदु उच्च होती है
4 इसे चुम्बकित नहीं किया जा सकता है	इसे चुम्बकीय किया जा सकता है
5 क्योंकि यह भंगुर है, जाली नहीं बनाई जा सकती है	जाली बनाई जा सकती है
6 यह कठिनाई से जंग लगता है	सरलता से जंग लग जाता है
7 इसे वेल्ड नहीं किया जा सकता है	इसे वेल्ड किया जाता है

धातुएँ और अधातएँ में अंतर

धातुएँ	अधातुएँ
चमकदार होती है	धुमील (डल) होती है
सामान्यः उष्मा और विद्युत के सुचालक होती है	सामान्यतः कम चालकता होती है
अधिक तन्य होती है	तन्य नहीं होती
आपरदर्शी होती है	पतली चादर के रूप में पारदर्शी होते हैं
अधिक अघातवर्धनीयता	सामान्य रूप से जब ठोस होने पर भंगुर होता है
क्षारीय आक्साइड होते हैं	इसमें अम्लीय आक्साइड होती है
घंटी की आवाज आती है	अस्पष्ट ध्वनि होती है
आमतौर पर 1-3 वैलेंस इलेक्ट्रान होते है	4-8 वैलेंस इलेक्ट्रान होते है
आसानी से खरोंचा जा सकता है	
उच्च (गलनांक पारे को छोड कर कमरे के तापमान पर)	

© NIMI, Not to be republished

रबर के गुण और उपयोग (Properties and uses of rubber)

रबर (Rubber)

रबर एक लचीला सामग्री हैं। इसे निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता हैं।

- प्राकृतिक रबर (Natural rubber)
- कठोर रबर (Hard rubber)
- सिंथेटिक रबर (Synthetic rubber)

प्राकृतिक रबर (Natural rubber)

यह पौधों के स्त्राव से प्राप्त होता है। यह गर्म करने पर नरम हो जाता है, 30°C पर चिपचिपा हो जाता हैं। लगभग 5°C पर कठोर हो जाता हैं।

सल्फर को रबर में मिलाया जाता है और मिश्रण को गर्म किया जाता हैं। इस प्रक्रिया को वल्केनाइजिंग कहा जाता हैं। इस प्रक्रिया द्वारा, मजबूत, सख्त और अधिक कठोर रबर प्राप्त किया जाता हैं। इसके अलावा, यह तापमान में परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील हो जाता है और कार्बनिक विलायक में नहीं घुलता हैं। इसके अपक्षय गुणों को बढ़ाकर इसका ओक्सीकरण भी कम से कम किया जाता हैं।

कार्बन ब्लैक, ऑयल वैक्स आदि को मिलाकर, विरूपण गुण को कम किया जाता हैं। रबर नमी को दूर करता हैं और अच्छे विद्युत गुण हैं। रबर के मुख्य हानियाँ नीचे दिये गये हैं-

- पेट्रोलियम तेलों का कम प्रतिरोध।
- सूरज की रोशनी सम्पर्क में नही आ सकते।
- उच्च वोल्टेज इन्सुलेशन के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता हैं।
- कम परिचालन तापमान (क्योकि यह भंगुर हो जाता है और 60°C के तापमान पर दरारें विकसित करता हैं)
- तांबे के साथ रबर प्रतिक्रिया में सल्फर। इसलिए, तांबे के तारों को रबड से लेपित किया जाना हैं।

कठोर रबर (Hard rubber)

सल्फर सामग्री और लंबे समय तक बल्केनाइजेशन को बढ़ाकर, कठोर रबर उत्पाद जिसे हाई रबर या एबोनाइट कहा जाता हैं। यह अच्छा विद्युत और यांत्रिक गुण होता हैं।

प्रयोग (Uses)

इसका उपयोग बैटरी कंटेनर, पैनल बोर्ड बुसिंग, ईबोनाइड टयूब आदि के लिए किया जाता हैं। .

सिंथेटिक रबर (Synthetic rubber)

यह प्राकृतिक रबर के समान है और सिंथेटिक रबर थर्मोप्लास्टिक विजाइल उच्च पॉलिमर से प्राप्त किया जाता हैं। कुछ महत्वपूर्ण सिंथेटिक रबर हैं:

- नाइट्राइट ब्यूटाडेंश रबर
- ब्यूटाइल रबर
- हाइपलान रबर
- नियोप्रिन रबर
- सिलिकान रबर

क्रं.सं.	नाम	गुण	उपयोग
1	नाइट्राइट ब्यूटाहेंश रबड	लचीलापन, घिसाव प्रतिरोध, कम तापमान पर लचीलापन, आक्सीकरण, कम तन्यता, उच्च तापीय चालकता कम हाइड्रो स्कोपिसिटी	आटोमोबाइल में टायर अंदर का टयूब
2	ब्यूटाइल	यह पेट्रोलियम तेलो, गैसों और मादक साल्वैंट्स द्वारा निर्माण किया जाता है। इसमें थर्मल और आक्सीकरण स्थिरता और ओजोन के लिए उच्च प्रतिरोधक होती है।	मरम्मत कार्य और टेप के रूप में उपयोग किये जाने वाले गर्म और नम परिस्थितियों में इन्सुलेशन के रूप में उपयोग किया जाता है
3	हाईपलान रबर	सूर्य के प्रकाश और तापमान (150°C तक) के संपर्क में आने पर निवारण का प्रतिरोध	बिजली के तारों और केबलों की जैकेटिंग में प्रयोग किया जाता है
4	निओप्रिन रबर	उम्र बढ़ने, आक्सीकरण और गैस प्रसार, बेहतर तापीय चालकता और लौ प्रतिरोध खराब यांत्रिक गुणों के लिए बेहतर प्रतिरोध	तार इन्सुलेशन और केबल शीयरिंग के लिए उपयोग किया जाता है
5	सिलिकॉन	उच्च परिचालन (200°C) लचीलापन, नमी और संक्षारण प्रतिरोध आक्सीकरण के प्रतिरोध, ओजोन, आर्किंग अच्छा इन्सुलेट गुण और थर्मल प्रतिरोधकता। यह एक अच्छा इन्सुलेटर है	ब्लास्ट फर्नेस कोक ओवन, स्टील मिल और न्यूक्लियर पावर स्टेशन, हाई फ्रीक्वेंसी, जनरेटर्स, बायलर, एयरपोर्ट लाइटिंग क्रेन के लिए, पावर केवल और कंट्रोल वायर के लिए इंसुलेशन

© NIMI, Not to be republished

इमारती लकड़ी के गुण और उपयोग (Properties and uses of timber)

सामान्य गुण (General properties)

इमारती लकड़ी में निम्नलिखित गुण होने चाहिए

- सीधे तंतु
- चिकनाई करते समय रेशमी चमक
- एक समान रंग
- नियमित वार्षिक वलय
- भारीपन
- फाइबर और काम्पैक्ट माड्यूलरी किरणों का दृढ़ आसंजन
- अच्छी सुगंद
- यह ढ़ीले या मृत गांठों और दरारों से मुक्त होना चाहिए।
- सतह को काटने पर आरी के दांतो का नहीं दबना, चाहिए, लेकिन चमक होनी चाहिए।

वर्गीकरण (Classification)

- इमारती लकड़ी को वर्गीकृत किया गया है

  a नरम लकड़ी

  b कठोर लकड़ी

नरम लकड़ी (Softwood timber)

- सामान्य तौर पर नरम इमारती लकड़ी के पत्ते सुई आकार की और चौड़ी पत्तियों वाले सभी पेड़ कठोर लकड़ी के होते हैं।
- लकड़ी में रेजिन और तारपीन होते हैं।
- लकड़ी में सुगंधित गंध होती हैं।
- फाइबर सीधे होते हैं।
- बनावट नरम और नियमित होते हैं।
- तन्यता तनाव का प्रतिरोध।
- इसके तंतु कमजोर होते हैं।
- वार्षिक वलय अलग - अलग होते हैं, एक तरफ नरम, छिद्रयुक्त और हल्के रंग का होता हैं। दूसरा तरफ घना और काला होता हैं।
- लकड़ी का सामान्य रंग पीला, कलाईदार या हल्का होता है जैसे कि पाइन, ऐश, केल, देवदार आदि।

कठोर लकड़ी के गुण (Properties of hardwood)

- लकड़ी में सामान्य तौर पर अम्ल की मात्रा अधिक होती हैं।
- यह चमकीला रंग का होता हैं।
- वार्षिक वलय अलग - अलग नहीं होते हैं।
- इस पर काम करना कठिन और मुश्किल होता हैं।
- यह कतरनी प्रभाव का प्रतिरोध करती हैं।
- फाइबर परस्पर व्यापत होते हैं।
- सामान्य रंग गहरा भूरा होता है जैसे ओक, अखरोट, टीक, मोहगनी, शीशम, बबुल, साल आदि।

प्रयोग (Uses)

नरम लकड़ी (Soft timber)

- सस्ते होने के कारण इसका उपयोग निम्न श्रेणी के फर्नीचर, दरवाजे और खिड़कियों के लिए किया जाता हैं।
- ईंधन के रूप उपयोग में किया जाता हैं।
- कुछ लकड़ियों का उपयोग टोकरी और चटाई बनाने के लिए किया जाता हैं।
- कुछ स्थानों में छाल का उपयोग परिधान के रूप में किया जाता हैं।

कठोर लकड़ी (Hard timber)

- उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर जैसे कुर्सियां, टेबल, सोफा, दीवान, बेड आदि के लिए उपयोग किया जाता हैं।
- उच्च गुणवत्ता वाले घरों (के लिए दरवाजे, खिड़की के फ्रेम, क्योंकि वे अच्छी पॉलिश और पेंटिंग कर सकते हैं) में उपयोग किये जाते हैं।
- कत्था के निर्माण में उपयोग किया जाता हैं।

लकड़ी का उपयोग विद्युत इनसुलेटर के रूप में (Wood as an electrical insulator)

उदाहरण

इसका उपयोग इलेक्ट्रिक मशीन वाइंडिंग में खांचो में कील के रूप में उपयोग किया जाता है।

रोधक सामग्री (Insulating materials)

विवरण (Description)

ऐसी सामग्रियां हैं जो करेंट के प्रवाह के लिए बहुत अधिक प्रतिरोध प्रदान करती हैं और प्रवाह को बहुत ही नगण्य या शून्य बना देती हैं। इन सामग्रियों में बहुत अधिक प्रतिरोध होता है- आमतौर पर मेगा ओम्स (1 मेगा ओम्स = 10^6 ओम्स) प्रति सेंटीमीटर घन इन्सुलेटरों को ढ़ंका हुआ होना चाहिए। इसका मतलब यह है कि इन्सुलेटिंग सामग्री किसी दिये गये मोटाई के लिए उच्च वोल्टेज (या उच्च विद्युत दबाब) के अनुप्रयोगों पर भी टूटे न और छिद्र नहीं होनी चाहिए।

इन्सुलेटर के गुण (Properties of insulators)

एक अच्छा इन्सुलेट सामग्री की मुख्य आवश्यकताएं है-

- उच्च विशिष्ट प्रतिरोध (मेंगा ओम/घन सेमी) रिसाव धाराओं के एक नगण्य मान को कम करने के लिए।
- अच्छी मान परावैद्युत यानी ब्रेक डाउन वोल्टेज का उच्च मूल्य (प्रति mm किलो बोल्ट में व्यक्त)

© NIMI, Not to be republished

- अच्छा यांत्रिक शक्ति, तनाव या संपीड़न में (यह निर्माण और कार्य कर रहे परिस्थितियों के दौरान स्थापित तनावों का विरोध करना चाहिए।)
- तापमान में वृद्धि के साथ थोड़ा क्षय (इन्सुलेंटिग गुणों के तापमान में वृद्धि के साथ ज्यादा बदलना नहीं चाहिए। जब विद्युत मशीनों को लोड़ किया जाता हैं।)
- नमी के बिना अवशोषण, जब वायुमण्डलीय स्थिति को नर्म किया जाता हैं। (इन्सुलेट गुण, विशेष रूप से विशिष्ट प्रतिरोध और डाइन्इलेक्ट्रिक स्ट्रेंन्थ नमी की थोड़ी मात्रा के अवशोषण के साथ काफी कम हो जाती हैं।)

उत्पाद और इन्सुलेटर (Products and insulatirs)

इन्सुलेटर्स	बिजली के क्षेत्र में उपयोग
1 अभ्रक	तत्वों मे या वाइंडिग (स्लॉट इन्सुलेशन)
2 रबर	तारों में इन्सुलेशन
3 सूती कपास	वाइंडिग
4 वार्निस	वाइंडिग
5 एस्बेस्ट्स	आयरन और केतली आदि के तल में
6 गट्टा पर्चा	पनडुब्बी केबल
7 चीनी मिट्टी	ओवर हेड लाइन इंसुलेटर
8 ग्लास	-do-
9 सूखी लकड़ी	ओवरस्टेड लाइन में कैची
10 प्लास्टिक	वायर इन्सुलेटर और स्वीच
11एबोनाइट	ट्रांसफार्मर का बोबिन
12 फाइबर	बोबिन बनाना और घुमावदार इन्सुलेशन बनाना
13 एम्पायर क्लाथ	घुमावदार इन्सुलेशन बनाना
14 लीथ्रोइट पेपर	-do-
15 मिलिक्स पेपर	-do-
16 P.V.C.	घुमावदार इन्सुलेशन
17 बैकेलाइट	इन्सुलेशन के लिए स्विच आदि बनाना
18 चमड़ा	-do-
19 स्लेट	पैनल बोर्ड बनाना
20 पैराफिन मोम	मुद्रण करना, सील करना

© NIMI, Not to be republished

m - एक निकाय का द्रव्यमान

g - metre/sec^2 = 9.81 m/sec^2 में गुरुत्वाकर्षण के कारण वेगवृद्धि

V - निकाय का आयतन

ρ - घनत्व (`रो' उच्चरित होता है)

W या FG - भार या भार बल

द्रव्यमान (Mass) (Fig 1)

Fig 1



एक पिंड का द्रव्यमान एक पिंड में निहित पदार्थ की मात्रा है। F.P.S. प्रणाली में द्रव्यमान का मात्रक पाऊण्ड (lb) है, GS प्रणाली में ग्राम (gm) और M.K.S. और SI प्रणालियों में किलोग्राम (kg) हैं। कभी-कभी 1000kg के लिए 1 टन भी प्रयुक्त होता है। रूपांतरण कारक 1000 हैं। रूपांतरण के समय दशमलव तीन स्थानों से बदल जाता है। उदाहरण-1 टन = 1000 kg, 1gm = 1000mg

घनत्व (Density)

घनत्व काय का प्रति इकाई आयतन है । अतः इसका मात्रक gm/cm or kg/dm^3 या ton/m^3 है ।

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{mass}}{\text{volume}} = \frac{m}{v} = \rho$$

भार (Weight) (Fig 2)

भार वह बल है जिसके साथ एकपिंड पृथ्वी के केंद्र की ओर आकर्षित करता है । यह द्रव्यमान और गुरुत्वाकर्षण से उत्पन्न वेगवृद्धि का गुणन फल है । काय के द्रव्यमान तथा गुरूत्वाकर्षण के कारण वेगवृद्धि का उत्पादन होती है। निकाय का भार उसकी स्थिति पर आधारित है।

weight = *W* or *FG* = mass x gravitational force
= m x g

प्रणाली	निरपेक्ष मात्रक	व्युत्पन्न मात्रक	रूपांतरण
F.P.S. प्रणाली	1 poundal	1 Lbwt	32.2 poundals (1 lb x 1 ft/sec^2 = 1 poundal)
C.G.S. प्रणाली	1 dyne 1 gr x 1 cm/sec^2	1 Gr.wt	981 dynes
M.K.S. S.I.प्रणाली	Newton Newton	1 kg.wt Newton	1 Newton = 1 kg x 1 m/sec^2

1 kg.wt = 9.81 Newton (approximately 10N) **1 Newton = 10^5 dynes.**

Fig 2



© NIMI, Not to be republished

भार और द्रव्यमान, घनत्व और विशिष्ट घनत्व के मध्य अंतर (Difference between mass & weight, density & specific gravity)

अभ्यास 1.8.25

द्रव्यमान और भार के मध्य अंतर (Difference between mass and weight)

क्रं. सं.	द्रव्यमान	भार
1	द्रव्यमान एक बिंदु में द्रव्य का भार होता है या पिंड में द्रव्य का माप होता है	भार गुरूत्वाकर्षण के कारण त्वरण में द्रव्यमान पर बल के कार्य की मात्रा को मापता है
2	यह स्थिति या स्थान पर निर्भर नहीं होता है	यह स्थान, स्थिति और आकार पर निर्भर करता है
3	पिंड का द्रव्यमान शून्य नहीं होगा	यदि गुरूत्व न हो तो पिंड का भार शून्य हो जायेगी
4	इसे भौतिक तुला द्वारा मापा जाता है	स्प्रींग तुला द्वारा नापा जाता है
5	अदिश राशि है	सदिश राशि है
6	जब पानी में डुबाया जाता है तब द्रव्यमान में परिवर्तन नहीं होता है	जब पानी में डुबाया जाता है तो भार में परिवर्तन होता है
7	इसकी इकाई ग्राम और और किलोग्राम है	इसकी इकाई किलोग्राम भार है

द्रव्यमान एवं भार भिन्न मात्राएँ हैं।
एक काय का द्रव्यमान परिमाण x घनत्व के समतुल्य है
भार बल द्रव्यमान x गुरूत्वाकर्षण के कारण हुई वेगवृद्धि के समतुल्य है ।

भार, घनत्व एवं विशिष्ट घनत्व (Weight , Density and Specific gravity)

देखा गया कि किसी पदार्थ में द्रव्यमान का माप सिर्फ उसके भार से नापा जाता है और उसमें परिमाण का कोई संदर्भ नहीं आता । पर यदि समान परिणाम के लेड और अल्युमिनियम की तुलना की जाए तो लेड का परिमाण अल्यूमिनियम के परिणाम की तुलना में बहुत छोटा होगा । अतः हम कह सकते हैं कि लैड अल्यूमिनियम की तुलना में बहुत घना है । अर्थात् दूसरे शब्दों में लैड का घनत्व अल्यूमिनियम के घनत्व से अधिक है । (Fig 1)

Fig 1



Fig 2



द्रव्यमान एवं आयतन के बीच का सम्बन्ध घनत्व कहलाता है।

घनत्व परिमाण का द्रव्यमान प्रस्तुत करता है। Eg. $1dm^3$ पानी का द्रव्यमान 1kg है और इस प्रकार $1kg/dm^3$ का घनत्व है ।

मात्रक (Unit)

घनत्व का नाप निम्न प्रकार से होता है :

MKS/SI= Kg/m^3, CGS - 1 gm/CC FPS–Lbs/Cft

	Solids	gm/cc^3	Liquids	gm/cc^3
1	Aluminum	2.7	Water	1.00
2	Lead	11.34	Petrol	0.71
3	Cast iron	6.8 to 7.8	Oxygen	1.43
4	Steel	7.75 to 8.05	Diesel Oil	0.83

पदार्थ के विशिष्ट घनत्व को सापेक्षिक घनत्व भी कहते हैं।

सूत्र

विशिष्ट घनत्व (अथवा) सापेक्षिक घनत्व

$$= \frac{\text{Density of the substance}}{\text{Density of the water at } 4^\circ C}$$

$$= \frac{\text{Mass of any volume of a substance}}{\text{Mass of an equal volume of water at } 4^\circ C}$$

घनत्व और विशिष्ट घनत्व/सापेक्ष घनत्व की तुलना [Comparision Between Density And Specific Gravity (Relative Density)]

घनत्व	विशिष्ट घनत्व
किसी पदार्थ की द्रव्यमान प्रति इकाई आयतन को उसका घनत्व कहा जाता है।	4° सेल्सियस पर पानी के घनत्व के लिए पदार्थ का घनत्व इसकी सापेक्ष घनत्व है।
इसकी मात्रक ग्राम/सेमी^{3} पौणल/फुट^3 और kg/घन फुट है	इसकी कोई इकाई नही होती है एक संख्या में व्यक्त किया गया है
घनत्व = $\frac{\text{भार}}{\text{आयतन}}$	विशिष्ट घनत्व = $\frac{\text{पदार्थ का घनत्व}}{4^\circ \text{ पर पानी का घनत्व}}$

© NIMI, Not to be republished

ठोस	विशिष्ट घनत्व	तरल पदार्थ	विशिष्ट घनत्व
1 एल्युमिनियम	2.72	पेट्रोल	0.71
2 लेड	11.34	बैटरी अम्ल	1.2 से 1.23
3 कच्चा लोहा	6.8 से 7.8	पानी	1.00
4 स्टील	7.82	डीजल तेल	0.83

उपरोक्त टेबल से हम दिये गये किसी भी पदार्थ के (मान लें डीज़ल तेल) दिए गए परिमाण के भार की गणना कर सकते हैं, बशर्ते हमें पदार्थ का विशिष्ट घनत्व ज्ञात हो । प्रति अनुक्रम में परिणाम भी ज्ञात कर सकते है यदि घनत्व ज्ञात हो ।

© NIMI, Not to be republished

1 220 x 330 x 15 mm (Fig 1) विमा के आयताकार स्टील प्लेट के द्रव्यमान की गणना किलोग्राम में करें (सटील का घनत्व = 7.82 gm $cm^{3)}$

द्रव्यमान = आयतन x घनत्व

$= 22 \times 33 \times 1.5 cm^3 \times 7.82\ gm/cm^3$

$= 1089\ cm^3 \times 7.82\ gm/cm^3$

द्रव्यमान = 8.516 kg

Fig 1



2 एक बर्तन 250 लीटर पानी का संचय कर सकता है। जिस सतह पर यह स्थित है, उस सतह पर पानी की मात्रा कितने N भार डालेगी? (Fig 2)

(1 ाlitre of water = 1 kg of water)

पानी का घनत्व $1gm/m^3$ या $1kg/dm^3$

Fig 2



गुरुत्वाकर्षण के कारण वेगवृद्धि 10meter/sec³ (लगभग) ली गयी है।

क्षमता = 250 लीटर = 250 dm^3 आयतन में

पानी का द्रव्यमान = आयतन x पानी का घनत्व

$= 250\ dm^3 \times 1\ kg/dm^3 = 250\ kg$

भार डाला गया = द्रव्यमान x गुरुत्वाकर्षण के कारण वेगवृद्धि

$= 250\ kg \times 10\ metre/sec^2$

$= 2500\ kg.metre/sec^2 = 2500\ N (\because 1\ kg.m/sec^2 = 1N)$

3 'm' द्रव्यमान पर 15 डायन का बल कार्यरत है और वह $2.5cm/sec^2$ की वेगवृद्धि देता है । द्रव्यमान ज्ञात करें ।

1 Gr. wt. = 981 dynes

$\therefore 15\ dynes = \frac{15}{981}\ Gr.wt$

बल = m x बल से उत्पन्न वेगवृद्धि

$\therefore$ Gr.wt = द्रव्यमान x 2.5 cm/sec^2

$\therefore$ gr.cm/sec^2 = द्रव्यमान x 2.5 cm/sec^2

$\therefore$ द्रव्यमान = $\frac{15}{981 \times 2.5}$ grams = $\frac{gm.cm/sec^2}{cm/sec^2}$

द्रव्यमान = 0.00612 gram

4 2N का बल 10kg के द्रव्यमान पर कार्य करता है तो द्रव्यमान पर बल से उत्पन्न वेगवृद्धि ज्ञात करें।

बल = 2 N

बल = द्रव्यमान x वेगवृद्धि

$\therefore$ 2 kg.metre/sec^2 = 10 kg x उत्पन्न वेगवृद्धि

$\therefore$ 2 x 1 kg.metre/sec^2 = 10 kg x उत्पन्न वेगवृद्धि

$\therefore$ उत्पन्न वेगवृद्धि = $\frac{2}{10}$ metre/sec^2

= 0.2 metre/sec^2

5 जिस काय का द्रव्यमान 1kg है उसका भार ज्ञात करें । गुरुत्वाकर्षण द्वारा वेगवृद्धि 9.81 metre/sec^2 है।

वजन बल = द्रव्यमान x गुरुत्वाकर्षण के कारण वेगवृद्धि

= 1 kg x 9.81 metres/sec^2

(1 kg.metre/sec^2 = 1 N)

$\therefore$ 9.81 kg metre/sec^2 = 9.81 N

प्रस्तुत उदाहरण में 'g' की मात्रा 10 metre/sec² ली गयी है। अन्यथा यह अलग हो सकती है यदि उल्लेख किया गया हो।

- एक खोखले गोलाक्षेत्र (होलोस्फियर) का आन्तरिक एवं बाह्य व्यास क्रमशः 150 & 70mm है। यदि धातु का घनत्व 7.5mm/cm^3 है तो इसका द्रव्यमान ज्ञात करें। (Fig 3)

Fig 3



HOLLOW SPHERE

द्रव्यमान = आयतन x घनत्व

= आयतन x 7.5 gm/cm^3

D= 150 mm = 15cm R= 7.5 cm

© NIMI, Not to be republished

d = 70mm = 7 cm r = 3.5 cm

$$Volume = \frac{4}{3}\pi(R^3 - r^3) unit^3$$

$$= \frac{4}{3}\pi(7.5^3 - 3.5^3)$$

$=1587.5 \ cm^3$

द्रव्यमान = $1587.5 \ cm^3 \ X \ 7.5 \ gm/cm^3$

= 11906.6 gm=11.9kg कह सकते है 12kg

6 एक कार का द्रव्यमान 800 kg. हो तो इसका भार बल ज्ञात करें (गुरूत्वीय त्वरण 9.81 m/sec^2 माने)

($\because$ 1n = 1kg.m/sec^2)

कार का बल भार = कार का द्रव्यमान x गुरूत्वीय त्वरण

= 800 x 9.81 N

= 7848 Newtons

7 2m की बेलनाकार टैंक व्यास x 3.5m तक पेट्रोल से भरी है। पैट्रोल का भार टन में ज्ञात करें। पेट्रोल का घनत्व 720 Kg/m^3 मानें । (Fig 4)

Fig 4



टैंक की मात्रा

$$v = \pi r^2 h \ (or) \frac{\pi d^2}{4} x h \ unit^3 = \frac{\pi \ x \ 2^2}{4} x 3.5 \ m^3$$

3.14 x 3.5 m^3	= 10.99 m^3
चूँकि 1 m^3	= 1000 litres
टैंक का आयतन	= 10.99 x 1000 litres
पेट्रोल का घनत्व	= 720 Kg/m^3 .
पेट्रोल का भार Kg में	=10.99x1000 litresx720Kg
	= 720 x 10990 Kg

पेट्रोल का भार Tonnes में

(Metric Units) $= \frac{720X10990}{1000}$

Weight of Petrol = 7912.8 Tonnes

8 यदि बैटरी एसिड का विशिष्ट घनत्व 1.3 है और यह एक बेलनाकार टैंक में भरा जा रहा है तो इसका घनत्व kg/m^3 में ज्ञात करें।

(पानी का घनत्व = $1000kg/m^3$)

विशिष्ट घनत्व या सापेक्षिक घनत्व

$$= \frac{\text{Density of the substance}}{\text{Density of water at } 4°c}$$

अब, बैटरी ऐसिड का घनत्व

= विशिष्ट गुरुत्व x पानी का घनत्व

= 1.3 x 1000 Kg/m^3

= 1300 Kg/m^3

किसी पदार्थ का विशिष्ट घनत्व ज्ञात करना (Determination of specific gravity of a substance)

किसी पदार्थ का विशिष्ट घनत्व निम्न प्रकार से ज्ञात किया जाता है :

1 आर्किमिडीज सिद्धांत (Archemediues principle)

2 हाइड्रोमीटर (Hydrometer)

आर्किमिडीज सिद्धांत (Archemedies Principle)

आर्किमिडीज सिद्धांत बताता है जब एक वस्तु पूर्ण या आंशिक रूप से किसी द्रव्य में डूबोयी जाती है तो वस्तु द्वारा विस्थापित द्रव्य की मात्रा द्रव्य में वस्तु के भार में आयी कमी के बराबर होगी ।

द्रव्य में डुबे वस्तु का भार = वस्तु का पूर्ण भार

- वस्तु द्वारा विस्थापित तरल का भार

यदि यह मात्रा शून्य है तो शरीर तैरेगा। यह ऋणात्मक है तो वस्तु का विसर्जित भाग विस्थापित होने वाले द्रव्य का भार वस्तु के भार के बराबर तक उठ जाएगा। यदि सकारात्मक है तो वस्तु डूब जाएगी । पानी में घुलनशील ठोस पदार्थों का विशिष्ट घनत्व है :

$$= \frac{\text{weight of solid in air}}{\text{loss of weight of solid in water}}$$

पानी में घुलनशील ठोस का विशिष्ट गुरुत्व

$$= \frac{\text{weight of solid in air} \times \text{specific gravity of the liquid}}{\text{loss of weight of solid in which the solid is in solution}}$$

द्रव्य का विशिष्ट गुरुत्व

$$= \frac{\text{loss weight of a solid in water}}{\text{loss of weight of the same solid in liquid}}$$

जिस ठोस पदार्थ का चयन किया जाता है वह पानी और उस द्रव्य में घूलना नहीं चाहिए जिसका विशिष्ट घनत्व ज्ञात करना है ।

उदाहरण

